# हिंदी 'ब'

## *CBSE कक्षा 10 की परीक्षा के लिए नमूना प्रश्न-पत्र*

समय : 3 घंटे | पूर्णांक : 80

**निर्देश** 1. इस प्रश्न-पत्र में दो खंड हैं–'अ' और 'ब'।
2. खंड 'अ' में कुल 9 वस्तुपरक प्रश्न पूछे गए हैं। सभी प्रश्नों में उपप्रश्न दिए गए हैं, दिए गए निर्देशों का पालन करते हुए प्रश्नों के उत्तर दीजिए।
3. खंड 'ब' में कुल 8 वर्णनात्मक प्रश्न पूछे गए हैं। प्रश्नों में आंतरिक विकल्प दिए गए हैं। दिए गए निर्देशों का पालन करते हुए प्रश्नों के उत्तर दीजिए।

## खंड {अ} *वस्तुपरक प्रश्न (40 अंक)*

### अपठित गद्यांश

**1.** *नीचे दो गद्यांश दिए गए हैं। किसी गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़िए और उस पर आधारित प्रश्नों के उत्तर दीजिए।* (5×1 = 5)

आज कुछ छात्र अपने पैरों पर स्वयं कुल्हाड़ी चला रहे हैं। अपने पैरों पर कुल्हाड़ी चलाने से तात्पर्य उन छात्रों से है, जो अपना समय, अपने माता-पिता का पैसा और ज्ञान प्राप्त करने का स्वर्णिम अवसर खो रहे हैं। ऐसे छात्र जो समय, धन और अवसर, तीनों चीज़ों से हाथ धो रहे हैं, वस्तुत: वे अपने जीवन में दु:खी रहने का ही प्रबंध कर रहे हैं, क्योंकि इन तीनों चीज़ों का सदुपयोग ही मनुष्य को सुख प्रदान करता है। आप जिस कार्य को पूरी ईमानदारी तथा लगन से करना प्रारंभ करते हैं, उसमें आपको छोटी या बड़ी सफलता अवश्य मिलती है और जब सफलता मिलनी प्रारंभ होती है, तो रुचि बढ़ने लगती है, लेकिन जब हम किसी कार्य को अनमने भाव से करते हैं, तो हमें असफलता का ही सामना करना पड़ता है, जिससे अरुचि उत्पन्न होती है। किसी भी छात्र से यह उम्मीद की जाती है कि वह अपने तन, मन और बुद्धि को श्रेष्ठ बनाए और इसके लिए आवश्यक है कि उसकी अध्ययन तथा खेल दोनों में ही रुचि हो, लेकिन जिन विद्यार्थियों की अध्ययन तथा खेल दोनों में ही अरुचि है, वे अपने पैरों पर कुल्हाड़ी ही चला रहे हैं। खेल या अध्ययन किसी में भी रुचि न होना विद्यार्थी के उदासीन पक्ष को उजागर करता है। जीवन में इस प्रकार का व्यवहार रखकर आगे नहीं बढ़ा जा सकता, इसलिए विद्यार्थी को चाहिए कि वह अपनी रुचियों को विकसित करे और जीवन में आगे बढ़े।

(क) अपने पैरों पर कुल्हाड़ी चलाने से लेखक का आशय (1)

(*i*) उन छात्रों से है, जो अपना समय बर्बाद करते हैं
(*ii*) उन छात्रों से है, जो अपने माता-पिता का पैसा बर्बाद करते हैं
(*iii*) उन छात्रों से है, जो ज्ञान प्राप्त करने का स्वर्णिम अवसर खो रहे हैं
(*iv*) उपरोक्त सभी

(ख) गद्यांश के अनुसार किसका सदुपयोग मनुष्य को सुख प्रदान करता है? (1)

(i) समय का
(ii) धन का
(iii) अवसर का
(iv) ये सभी

(ग) लेखक के अनुसार किसी कार्य के प्रति हमारी रुचि का विकास कब होने लगता है? (1)

(i) जब कार्य करने के विषय में सोचते हैं
(ii) जब सफलता मिलनी प्रारंभ होती है
(iii) जब अन्य को असफलता मिलती है
(iv) जब असफलता हाथ लगती है

(घ) गद्यांश के आधार पर बताइए कि किसी भी छात्र से क्या अपेक्षाएँ की जाती हैं? (1)

(i) वह परीक्षा उत्तीर्ण करे
(ii) वह समाज के लिए कार्य करे
(iii) वह अपने तन, मन और बुद्धि को श्रेष्ठ बनाए
(iv) वह अपने विद्यालय का नाम रोशन करे

(ङ) विद्यार्थियों की अध्ययन तथा खेल दोनों में ही अरुचि का क्या परिणाम होता है? (1)

(i) उनका विकास अवरुद्ध हो जाता है
(ii) वे निराशापूर्ण जीवन जीते हैं
(iii) उनका उदासीन पक्ष उजागर होता है
(iv) ये सभी

***अथवा***

स्वयं की तुलना किसी और से तथा किसी और की तुलना अन्य किसी से करना मानव व्यवहार का सामान्य लक्षण है। इसे लेकर दो प्रकार के पक्ष हैं। पहला पक्ष तुलना करने को ठीक मानता है, जबकि दूसरा पक्ष किसी भी प्रकार की तुलना को उचित नहीं मानता है। दोनों के अपने-अपने तर्क हैं। वैसे तो तुलना करना खराब आदत नहीं है। यह जीवन में प्रतिस्पर्द्धा बढ़ाती है जो प्रगति के लिए आवश्यक है। तुलना प्रेरणा का स्रोत भी है। अपने से बेहतर चीजों को देखकर लोग स्वयं में सुधार करने का प्रयत्न करते हैं। पढ़ाई और खेल में तुलना प्रतिस्पर्द्धा की भावना को बढ़ाती है। नौकरी और व्यवसाय में भी आस-पास के लोगों को देखकर इंसान प्रगति की ओर उन्मुख होता है। कभी-कभी अपने स्वास्थ्य को लेकर की गई तुलना इरादों को मजबूत ही बनाती है और बेहतर स्वास्थ्य वाले लोगों को देखकर इंसान स्वयं को ठीक करने में लग जाता है। किसी बीमारी से उबरने के लिए भी ऐसे लोगों के उदाहरण उपयोगी होते हैं, जिन्होंने किसी बीमारी से लड़ने में सफलता प्राप्त की हो। किसी खराब आदत को छोड़ने के लिए भी हम ऐसे लोगों से प्रेरित हो जाते हैं, जिन्होंने मिसाल कायम की होती है। फर्क इस बात से पड़ता है कि तुलना का उद्देश्य क्या है? यदि उद्देश्य सुधार है तो तुलना में कोई हर्ज नहीं है। तुलना से हानि का संबंध मनुष्य के हौसले को लेकर है। कमजोर हौसला रखने वाले तुलना से हतोत्साहित भी हो सकते हैं। अपने से बेहतर स्थितियाँ किसी को ऊर्जा प्रदान करती हैं तो किसी को हीनता। आवश्यक नहीं कि हर इंसान प्रतियोगिता के माहौल में सहज ही महसूस करे। कोई व्यक्ति अपने से बेहतर लोगों के बीच रहकर उनसे कुछ सीखता है, तो कोई अपने से निम्नतर के बीच रहकर खुश रहता है, इसलिए तुलना का असर व्यक्ति पर निर्भर करता है।

तुलना केवल उन्हीं के लिए ठीक है, जो उससे प्रेरित होते हैं। जिनके जीवन की शांति इससे भंग होती है, उन्हें इधर-उधर की तुलना से बचना ही चाहिए।

(क) तुलना को खराब आदत न मानने का क्या कारण है? (1)

(i) जीवन में प्रतिस्पर्द्धा बढ़ाना, जो प्रगति के लिए आवश्यक है
(ii) तुलना से व्यक्ति में सामान्य भावनाओं का प्रसार होता है
(iii) तुलना जीवन को नीरस बना देती है, व्यक्ति को निराश करती है
(iv) तुलना करने से व्यक्ति सदैव सकारात्मक रहता है

(ख) तुलना के विषय में लोगों के कितने प्रकार के मत हैं? (1)

(i) दो
(ii) चार
(iii) तीन
(iv) केवल एक

(ग) पढ़ाई और खेल के क्षेत्र में तुलना किस प्रकार की भावना को बढ़ाती है? (1)

(i) इंसानियत की भावना को
(ii) प्रतिस्पर्द्धा की भावना को
(iii) घृणा की भावना को
(iv) असंतुष्टि की भावना को

(घ) किस प्रकार की तुलना में कोई हर्ज नहीं होता है? (1)

(i) जिसका उद्देश्य दूसरों को नीचा दिखाना है
(ii) जिसका उद्देश्य केवल स्वयं का विकास करना है
(iii) जिसका उद्देश्य सुधार करना है
(iv) जिसका उद्देश्य हीनता का प्रसार करना है

(ङ) निम्नलिखित में से प्रस्तुत गद्यांश का सर्वाधिक उपयुक्त शीर्षक क्या होगा? (1)

(i) तुलना के सकारात्मक एवं नकारात्मक पक्ष (ii) तुलना व्यक्तित्व विकास में सहायक

(iii) तुलना का प्रभाव (iv) मानव जीवन में तुलना का महत्त्व

**2.** *नीचे दो गद्यांश दिए गए हैं। किसी गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़िए और उस पर आधारित प्रश्नों के उत्तर दीजिए।* (5 × 1 = 5)

इलेक्ट्रॉनिक क्रांति ने हमारे जीवन को सुख-सुविधाओं से परिपूर्ण कर दिया है। विभिन्न इलेक्ट्रॉनिक आविष्कारों के माध्यम से संचार-तंत्र को विस्तार एवं व्यावसायिक गतिविधियों को प्रोत्साहन मिलने के साथ-साथ रोजगार के अवसर भी बढ़े हैं। कंप्यूटर, रेफ्रिजरेटर, एयर कंडीशन, सेलुलर फोन, वॉशिंग मशीन, कैमरा आदि इलेक्ट्रॉनिक उपकरणों के निर्माण ने मानव सभ्यता को नया आयाम दिया है, पर आज बड़ी संख्या में खराब होने वाली इन्हीं इलेक्ट्रॉनिक वस्तुओं के अंबार ने ई-कचरे के रूप में एक नई पर्यावरणीय समस्या को जन्म दिया है। ई-कचरे से तात्पर्य उन बेकार पड़े इलेक्ट्रॉनिक उपकरणों से है, जो अपने मूल उपयोग के उद्देश्य के लिए उपयुक्त नहीं रह जाते। ई-कचरे को ई-अपशिष्ट भी कहा जाता है। काफी मात्रा में भारी धातुएँ एवं अन्य प्रदूषित पदार्थों के विद्यमान रहने के कारण ई-अपशिष्ट के रूप में बेकार पड़े इलेक्ट्रॉनिक उपकरण अन्य व्यर्थ घरेलू उपकरणों की अपेक्षा मानव स्वास्थ्य एवं पर्यावरण के लिए कहीं अधिक नुकसानदेह होते हैं। इलेक्ट्रॉनिक वस्तुओं में उपयोग आने वाले अधिकतर अवयवों में बायोडिग्रेडेबल होने की विशेषता नहीं पाई जाती है और न तो इसमें मिट्टी में घुल-मिल जाने का ही गुण होता है। भारत सहित अन्य एशियाई देशों में पश्चिमी देशों की तुलना में ई-कचरे के निस्तारण में काफी कम खर्च आता है। भारत में ई-कचरे का निपटान प्राय: अनौपचारिक पुनर्चक्रण केंद्रों में होता है, जहाँ पुन: उपयोग हेतु इन्हें अलग-अलग किया जाता है, फिर मूल्यवान धातुओं को चुनकर साफ करने के पश्चात् इन्हें अकुशल व विषाक्त उत्पाद व्यवस्था में नष्ट करने की प्रक्रिया से गुजारते हैं। ई-कचरे की समस्या को कम करने एवं इसके दुष्प्रभाव से बचने हेतु ग्रीन पीसी की अवधारणा पर बल दिया जाना चाहिए। ऐसे उत्पादित कम्प्यूटरों में बिजली खपत कम होगी, साथ ही ये पर्यावरण को उतना नुकसान भी नहीं करते। देश में ई-कचरे को कम करने के लिए कानून बनाने की आवश्यकता है। यदि सरकार और जनता दोनों जागरूक हो जाएँ, तो भविष्य में ई-कचरे की समस्या से छुटकारा पाया जा सकता है।

(क) निम्नलिखित में से प्रस्तुत गद्यांश का सर्वाधिक उपयुक्त शीर्षक क्या होगा? (1)

(i) इलेक्ट्रॉनिक उपकरणों का विकास (ii) आधुनिक मानव जीवन

(iii) 'ई-कचरे' की समस्या और निवारण (iv) विकास की दिशा में भारत

(ख) गद्यांश के अनुसार, इलेक्ट्रॉनिक वस्तुओं में कौन-सा गुण नहीं होता है? (1)

(i) मनोरंजन का (ii) मिट्टी में घुल जाने का

(iii) सुख-सुविधाएँ प्रदान करने का (iv) इनमें से कोई नहीं

(ग) गद्यांश के आधार पर बताइए कि 'ई-कचरे' को कम करने के लिए क्या आवश्यक है? (1)

(i) इलेक्ट्रॉनिक उपकरणों की कम खपत (ii) कानून निर्माण

(iii) जैविकीकरण (iv) पुनर्चक्रण केंद्रों की संख्या बढ़ाना

(घ) हमारे देश में ई-कचरे का निपटान कहाँ किया जाता है? (1)

(i) पुनरावर्तन उद्योगों में (ii) औपचारिक पुनर्चक्रण केंद्रों में

(iii) अनौपचारिक पुनर्चक्रण केंद्रों में (iv) पुनरावर्तन क्षेत्रों में

(ङ) 'ई-कचरे' के दुष्प्रभाव से बचाव हेतु किसकी अवधारणा पर बल दिया जाना चाहिए? (1)

(i) हरित कृषि की (ii) सतत विकास की

(iii) ग्रीन पीसी की (iv) ये सभी

***अथवा***

प्राचीन समय में भारत विश्व में शिक्षा और संस्कृति का प्रमुख केंद्र था। देश-विदेश के विद्यार्थी यहाँ शिक्षा प्राप्त करने आते थे। प्राचीन भारतीय शिक्षा प्रणाली के अंतर्गत विद्यार्थी को पुस्तकीय और आध्यात्मिक ज्ञान प्रदान करने के साथ-साथ उसे शारीरिक शिक्षा भी प्रदान की जाती थी। उसे युद्ध कौशल भी सिखाया जाता था। इस प्रकार प्राचीन शिक्षण संस्थाएँ या आश्रम विद्यार्थी के चहुँमुखी विकास पर ध्यान देते थे। आज स्थिति भिन्न है, वर्तमान दोषपूर्ण शिक्षा प्रणाली सिर्फ डिग्रीधारी बेरोजगारों की भीड़ उत्पन्न कर रही है। आज के अधिकांश युवा शिक्षा प्राप्त करके भी स्वावलंबी नहीं बन पाते। उनके हृदय में देश और समाज के प्रति किसी भी प्रकार का कर्त्तव्यबोध उत्पन्न नहीं होता। वे अपनी

प्राचीन परंपराओं का सम्मान नहीं करते। वर्तमान शिक्षा प्रणाली युवाओं में राष्ट्र गौरव की भावना उत्पन्न करने में असफल रही है। समय-समय पर भारत के नीति निर्माताओं ने शिक्षा को बहुआयामी बनाने के अनेक प्रयास किए हैं। नई शिक्षा नीति में विद्यार्थी के नैतिक, मानसिक और शारीरिक विकास पर बल देने का प्रयास किया जा रहा है। अब नवीन शिक्षा प्रणाली के अंतर्गत विद्यार्थियों को जाति, धर्म और भाषा के दायरे से ऊपर उठकर राष्ट्रहित में कार्य करने के लिए प्रेरित किया जा रहा है। इस शिक्षा प्रणाली में व्यावसायिक शिक्षा पर बल दिया जा रहा है, ताकि शिक्षित लोगों को रोजगार उपलब्ध हो सके।

(क) प्राचीन समय में विश्व में शिक्षा और संस्कृति का प्रमुख केंद्र क्या था? (1)

(*i*) रूस (*ii*) भारत
(*iii*) चीन (*iv*) अमेरिका

(ख) गद्यांश के अनुसार प्राचीन शिक्षण संस्थाएँ किस पर ध्यान देती थीं? (1)

(*i*) विद्यार्थी के व्यावहारिक विकास पर (*ii*) विद्यार्थी के स्वास्थ्य पर
(*iii*) विद्यार्थी के चहुँमुखी विकास पर (*iv*) पुस्तकीय विकास पर

(ग) नवीन शिक्षा प्रणाली में विद्यार्थियों को किसके लिए प्रेरित किया जाता है? (1)

(*i*) रोजगार के लिए (*ii*) राष्ट्रहित में कार्य करने के लिए
(*iii*) प्राचीन परंपराओं का सम्मान करने के लिए (*iv*) प्रौद्योगिक उन्नति के लिए

(घ) नवीन शिक्षा प्रणाली में व्यावसायिक शिक्षा पर बल क्यों दिया जा रहा है? (1)

(*i*) विदेशी विद्यार्थी आकर शिक्षा ग्रहण कर सकें (*ii*) शिक्षितों को रोजगार मिल सके
(*iii*) राष्ट्र का विकास हो सके (*iv*) विद्यार्थियों का नैतिक, शारीरिक और मानसिक विकास हो सके

(ङ) निम्नलिखित में से प्रस्तुत गद्यांश का सर्वाधिक उपयुक्त शीर्षक क्या हो सकता है? (1)

(*i*) प्राचीन और आधुनिक शिक्षा प्रणाली (*ii*) आधुनिक शिक्षा का विकास
(*iii*) नवीन शिक्षा प्रणाली और समाज (*iv*) विद्यार्थियों का शैक्षिणिक विकास

## व्यावहारिक व्याकरण

**3.** *निम्नलिखित पाँच भागों में से किन्हीं चार भागों के उत्तर दीजिए।* (1× 4 = 4)

(क) जो लड़की पढ़ रही है, वह बुद्धिमान है- रेखांकित में पद है (1)

(*i*) संज्ञा पद (*ii*) विशेषण पद
(*iii*) सर्वनाम पद (*iv*) क्रिया पद

(ख) सरिता सप्ताह के अंत तक आ जाएगी- वाक्य में क्रिया-पदबंध है (1)

(*i*) सरिता (*ii*) सप्ताह के
(*iii*) अंत तक (*iv*) आ जाएगी

(ग) कमरे में इधर से उधर तक सामान बिखरा पड़ा है- वाक्य में रेखांकित पदबंध है (1)

(*i*) विशेषण पदबंध (*ii*) क्रिया पदबंध
(*iii*) क्रिया विशेषण पदबंध (*iv*) सर्वनाम पदबंध

(घ) घोड़े पर सिपाही सवार था। रेखांकित में कौन-सा पदबंध है? (1)

(*i*) क्रिया पदबंध (*ii*) सर्वनाम पदबंध
(*iii*) विशेषण पदबंध (*iv*) संज्ञा पदबंध

(ङ) वह एक ऊँची इमारत है–वाक्य में रेखांकित पदबंध है (1)

(*i*) क्रिया विशेषण पदबंध (*ii*) संज्ञा पदबंध
(*iii*) क्रिया पदबंध (*iv*) विशेषण पदबंध

**4.** *निम्नलिखित पाँच भागों में से किन्हीं चार भागों के उत्तर दीजिए।* (1× 4 = 4)

(क) निम्नलिखित में मिश्र वाक्य है (1)

(*i*) जो चीजें इस संसार में दिखाई देती हैं, वे सभी नाशवान हैं (*ii*) इस संसार में सभी चीजें नाशवान हैं, क्योंकि वे दिखाई देती हैं
(*iii*) जो दिखाई देने वाली चीजें इस संसार में हैं, नाशवान हैं (*iv*) इस संसार में सभी चीजें दिखाई देती हैं, इसलिए नाशवान हैं

(ख) मुझ अकेले को चार गुंडों ने बहुत पीटा का संयुक्त वाक्य होगा (1)

(i) मुझे अकेला पाकर चार गुंडों ने पीटा
(ii) मैं अकेला था, इसलिए चार गुंडों ने मुझे बहुत पीटा
(iii) चार गुंडों ने मुझे बहुत पीटा, क्योंकि मैं अकेला था
(iv) मैं अकेला था और चार गुंडों ने मुझे बहुत पीटा

(ग) निम्नलिखित में सरल वाक्य है (1)

(i) शालिनी जैसे ही आई, वैसे ही मुझसे बात करके सो गई
(ii) शालिनी आते ही मुझसे बात करके सो गई
(iii) शालिनी आई इसलिए मुझसे बात करके सो गई
(iv) मुझसे बात करने के कारण शालिनी आकर सो गई

(घ) बरसात के कारण सड़क पर पानी भर गया का मिश्र वाक्य होगा (1)

(i) बरसात हुई और सड़क पर पानी भर गया
(ii) जो पानी सड़क पर भरा है वह बरसात का है
(iii) जैसे ही बरसात हुई वैसे ही सड़क पर पानी भर गया
(iv) यद्यपि सड़क पर पानी भर गया तथापि बरसात हुई

(ङ) वह घायल था फिर भी खेलता रहा–वाक्य रचना की दृष्टि से है (1)

(i) सरल वाक्य
(ii) संयुक्त वाक्य
(iii) मिश्र वाक्य
(iv) विस्मयादिबोधक वाक्य

*निम्नलिखित पाँच भागों में से किन्हीं चार भागों के उत्तर दीजिए।*

(क) 'मृगलोचन' शब्द में कौन-सा समास है? (1)

(i) कर्मधारय समास
(ii) अव्ययीभाव समास
(iii) तत्पुरुष समास
(iv) बहुव्रीहि समास

(ख) 'प्राणप्रिय' में कौन-सा समास है? (1)

(i) द्विगु समास
(ii) द्वंद्व समास
(iii) बहुव्रीहि समास
(iv) तत्पुरुष समास

(ग) 'जन्मांध' शब्द के सही समास-विग्रह का चयन कीजिए। (1)

(i) जन्म से अंधा–तत्पुरुष समास
(ii) अंधा है जो जन्म से–कर्मधारय समास
(iii) जन्म और अंधा–द्वंद्व समास
(iv) जन्म के लिए अंधा–तत्पुरुष समास

(घ) 'सप्ताह' समस्त पद का विग्रह है (1)

(i) सात सप्ताह
(ii) सात दिनों का समाहार
(iii) सप्त है जो दिन
(iv) दिनों में सात

(ङ) 'जन का आंदोलन' का समस्त पद है (1)

(i) जनांदोलन
(ii) जनदोलन
(iii) जनंदोलन
(iv) आंदोलनजन

*निम्नलिखित चार भागों के उत्तर दीजिए।* (1×4 = 4)

(क) छात्रों को बदमाशी करते देख अध्यापक ने उन्हें ........... उपयुक्त मुहावरे से रिक्त स्थान की पूर्ति कीजिए। (1)

(i) हाथें-हाथ रखना
(ii) आड़े हाथ लिया
(iii) अंधा बना दिया
(iv) हृदय से लगा लिया

(ख) आई.ए.एस. की परीक्षा पास करना .......... के समान है- रिक्त स्थान की पूर्ति सटीक मुहावरे से कीजिए। (1)

(i) बाएँ हाथ का खेल
(ii) आठ-आठ आँसू रोना
(iii) लोहे के चने चवाना
(iv) आधी जान सूखना

(ग) छोटे-मोटे काम तो ............... भी कर लिया करते हैं। रिक्त स्थान की पूर्ति सटीक मुहावरे से कीजिए। (1)

(i) ऐरे-गैरे नत्थू खेरे
(ii) अक्ल के अंधे
(iii) आस्तीन का साँप
(iv) कूप मण्डूक

(घ) इस समस्या को हल करने में थोड़ी अक्ल ............ रिक्त स्थान की पूर्ति उपयुक्त मुहावरे से कीजिए। (1)

(i) चरने जाना पड़ेगा
(ii) खर्च करनी पड़ेगी
(iii) के पीछे लट्ठ लिए फिरना पड़ेगा
(iv) का दुश्मन बनना पड़ेगा

**7. *निम्नलिखित पद्यांश को पढ़कर प्रश्नों के सर्वाधिक उपयुक्त विकल्पों का चयन कीजिए।*** (1×4=4)

अनंत अंतरिक्ष में अनंत देव हैं खड़े,
समक्ष ही स्वबाहु जो बढ़ा रहे बड़े-बड़े।
परस्परावलंब से उठो तथा बढ़ो सभी,
अभी अमर्त्य-अंक में अपंक हो चढ़ो सभी।
रहो न यों कि एक से न काम और का सरे,
वही मनुष्य है कि जो मनुष्य के लिए मरे।।

(क) 'परस्परावलंब' से क्या अभिप्राय है? (1)
(*i*) एक-दूसरे का सहयोग लेना
(*ii*) एक-दूसरे से शत्रुता करना
(*iii*) एक-दूसरे से छल-कपट करना
(*iv*) दूसरे से स्वार्थ सिद्ध करना

(ख) अंतरिक्ष में खड़े देव अपनी बाहु को क्यों बढ़ा रहे हैं? (1)
(*i*) समृद्धि के लिए
(*ii*) स्वस्थता के लिए
(*iii*) मार्गदर्शन के लिए
(*iv*) मदद के लिए

(ग) कवि मनुष्य को किस प्रकार रहने की सलाह देता है? (1)
(*i*) हिंसा की भावना से
(*ii*) प्रतिशोध की भावना से
(*iii*) सहयोग की भावना से
(*iv*) पराधीनता की भावना से

(घ) प्रस्तुत पद्यांश के माध्यम से कवि ने क्या संदेश देना चाहा है? (1)
(*i*) जीवन की सार्थकता स्वार्थ सिद्धि में है
(*ii*) जीवन की सार्थकता देवों के व्यवहार में है
(*iii*) जीवन की सार्थकता कुटिल व्यवहार में है
(*iv*) जीवन की सार्थकता परोपकार में है

**8. *निम्नलिखित गद्यांश को पढ़कर प्रश्नों के सर्वाधिक उपयुक्त विकल्पों का चयन कीजिए।*** (1×5=5)

इस बीच गाँव के कुछ लोग भी वहाँ पहुँच गए। वामीरो की माँ क्रोध में उफन उठी। उसने ततौंरा को तरह-तरह से अपमानित किया। गाँव के लोग भी ततौंरा के विरोध में आवाजें उठाने लगे। यह ततौंरा के लिए असहनीय था। वामीरो अब भी रोए जा रही थी। ततौंरा भी गुस्से से भर उठा। उसे जहाँ विवाह की निषेध परंपरा पर क्षोभ था वहीं अपनी असहायता पर खीझ। वामीरो का दुःख उसे और गहरा कर रहा था। उसे मालूम न था कि क्या कदम उठाना चाहिए? अनायास उसका हाथ तलवार की मूठ पर जा टिका। गाँववालों की उपस्थिति में यह दृश्य उसे अपमानजनक लगा।

(क) वामीरों की माँ क्रोध में क्यों उफन उठी? (1)
(*i*) गाँव वालों को देखकर
(*ii*) गाँववालों के सामने वामीरो को अन्य गाँव के युवक के साथ देखकर
(*iii*) ततौंरा से पुरानी रंजिश के कारण
(*iv*) वामीरो का विवाह न हो पाने के कारण

(ख) "गाँववालों की उपस्थिति में यह दृश्य उसे अपमानजनक लगा" पंक्ति में 'उसे' शब्द किसके लिए प्रयुक्त हुआ है? (1)
(*i*) ततौंरा के लिए
(*ii*) वामीरो के लिए
(*iii*) ततौंरा की माँ के लिए
(*iv*) निकोबारी के लिए

(ग) गाँव के लोग ततौंरा के विरोध में आवाज क्यों उठाने लगे? (1)
(*i*) आपसी बेहस के कारण
(*ii*) ततौंरा की समृद्धि के कारण
(*iii*) वामीरो से प्रेम करने के कारण
(*iv*) ततौंरा की बेरुखी के कारण

(घ) ततौंरा के क्रोधित होने का क्या कारण था? (1)
(*i*) विवाह की निषेध परंपरा
(*ii*) स्वयं की असहायता पर खीझ
(*iii*) वामीरो का रोना
(*iv*) ये सभी

(ङ) वामीरो को दुःखी देखकर ततौंरा ने क्या कदम उठाया? (1)
(*i*) गाँव छोड़कर जाने लगा
(*ii*) अपनी तलवार निकाल ली
(*iii*) ततौंरा को समझाने लगा
(*iv*) ये सभी

9. *निम्नलिखित गद्यांश को पढ़कर प्रश्नों के सर्वाधिक उपयुक्त विकल्पों का चयन कीजिए।* (1 × 5 = 5)

"इस तरह अंग्रेज़ी पढ़ोगे, तो जिंदगी-भर पढ़ते रहोगे और एक हर्फ़ न आएगा। अंग्रेज़ी पढ़ना कोई हँसी-खेल नहीं है कि जो चाहे, पढ़ ले, नहीं ऐरा-गैरा नत्थू-खैरा सभी अंग्रेजी के विद्वान हो जाते। यहाँ रात-दिन आँखें फोड़नी पड़ती हैं और खून जलाना पड़ता है, तब कहीं यह विद्या आती है और आती क्या है, हाँ कहने को आ जाती है। बड़े-बड़े विद्वान भी शुद्ध अंग्रेज़ी नहीं लिख सकते, बोलना तो दूर रहा। और मैं कहता हूँ, तुम कितने घोंघा हो कि मुझे देखकर भी सबक नहीं लेते। मैं कितनी मेहनत करता हूँ, यह तुम अपनी आँखों से देखते हो, अगर नहीं देखते, तो यह तुम्हारी आँखों का कसूर है, तुम्हारी बुद्धि का कसूर है। इतने मेले-तमाशे होते हैं, मुझे तुमने कभी देखने जाते देखा है? रोज ही क्रिकेट और हॉकी मैच होते हैं। मैं पास नहीं फटकता। हमेशा पढ़ता रहता हूँ। उस पर भी एक-एक दरजे में दो-दो, तीन-तीन साल पड़ा रहता हूँ, फिर भी तुम कैसे आशा करते हो कि तुम यों खेलकूद में वक्त गँवाकर पास हो जाओगे? मुझे तो दो-तीन साल ही लगते हैं, तुम उम्र-भर इसी दरजे में पड़े सड़ते रहोगे? अगर तुम्हें इस तरह उम्र गँवानी है, तो बेहतर है, घर चले जाओ और मजे से गुल्ली-डंडा खेलो। दादा की गाढ़ी कमाई के रुपये क्यों बरबाद करते हो?"

(क) 'तुम कितने घोंघा हो कि मुझे देखकर भी सबक नहीं लेते' पंक्ति में 'घोंघा' से क्या अभिप्राय है? (1)

(*i*) मूर्ख (*ii*) समुद्री जीव
(*iii*) जंगली जीव (*iv*) सिद्धांतवानी

(ख) गद्यांश के आधार पर बताइए कि किसके अनुसार अंग्रेज़ी सीखना आसान नहीं है? (1)

(*i*) विद्वानों के अनुसार (*ii*) छोटे भाई के अनुसार
(*iii*) बड़े भाई के अनुसार (*iv*) लेखक के अनुसार

(ग) अपनी मेहनत के विषय में बड़े भाई साहब ने क्या बताया? (1)

(*i*) वे जी-तोड़ मेहनत करते हैं (*ii*) मेले-तमाशों को देखने नहीं जाते
(*iii*) हॉकी-क्रिकेट मैच खेलने नहीं जाते (*iv*) ये सभी

(घ) छोटे भाई को घर लौटने का परामर्श क्यों दिया जा रहा था? (1)

(*i*) क्योंकि वह पढ़ने की अपेक्षा खेलकूद में समय बर्बाद करता है (*ii*) क्योंकि उसे खेलना पसंद नहीं है
(*iii*) क्योंकि वह मेहनत नहीं करता है (*iv*) क्योंकि वह बड़े भाई जितना समझदार नहीं है

(ङ) बड़े भाई को किस कारण लगता है कि छोटा भाई दादा की गाढ़ी कमाई बर्बाद कर रहा है? (1)

(*i*) खेलकूद में अधिक रुचि होने के कारण (*ii*) बड़े भाई को सम्मान न देने के कारण
(*iii*) स्वयं को अधिक बुद्धिमान समझने के कारण (*iv*) अध्यापकों का आदर न करने के कारण

# खंड {ब} *वर्णनात्मक प्रश्न (40 अंक)*

## पाठय-पुस्तक एवं पूरक-पुस्तक

10. *निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं दो प्रश्नों के उत्तर लगभग 25-30 शब्दों में लिखिए।* (2 × 2 = 4)

(क) 'साखी' में कबीर ने ईश्वर का निवास कहाँ बताया है? (2)

(ख) 'कर चले हम फिदा' कविता से आपको क्या प्रेरणा मिलती है? अपने शब्दों में उत्तर दीजिए। (2)

(ग) बड़े भाई साहब, छोटे भाई के चुप होने का क्या अर्थ निकालते थे? (2)

11. किन घटनाओं के माध्यम से कवि ने प्रकृति के प्रति पाठकों के मन में प्रेम-भाव उत्पन्न करने का प्रयास किया है? 'अब कहाँ दूसरे के दुःख से दुःखी होने वाले' पाठ के आधार पर लगभग 60-70 शब्दों में स्पष्ट कीजिए। (4)

12. *निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं दो प्रश्नों के उत्तर लगभग 40-50 शब्दों में लिखिए।* (3 × 2 = 6)

(क) "अगली कक्षा में जाने के विचार से बच्चे उत्साहित भी होते थे और उदास भी।" इसमें निहित अर्थ को 'सपनों के-से दिन' पाठ के आधार पर स्पष्ट कीजिए। (3)

(ख) 'हरिहर काका' कहानी समाज के किस कटु सत्य को उजागर करती है तथा इससे पाठकों को क्या शिक्षा मिलती है? अपने विचार व्यक्त कीजिए। (3)

(ग) "टोपी और इफ़्फ़न की दादी अलग-अलग महजब और जाति के थे, पर एक अनजान अटूट रिश्ते से बँधे थे।" इस कथन के आलोक में अपने विचार लिखिए। (3)

## लेखन

**13.** *निम्नलिखित में से किसी एक विषय पर दिए गए संकेत बिंदुओं के आधार पर लगभग 80-100 शब्दों में अनुच्छेद लिखिए।* (6)

**1. गया समय फिर हाथ नहीं आता**

***संकेत बिंदु***
- समय ही जीवन है
- दुरुपयोग से हानि
- समय का सदुपयोग
- उपसंहार

**2. मेरे सपनों का भारत**

***संकेत बिंदु***
- भारत की प्राचीनतम संस्कृति
- गौरवशाली अतीत
- धार्मिक, सामाजिक व सांस्कृतिक एकता का भाव
- उपसंहार

**3. शहरों में यातायात समस्या**

***संकेत बिंदु***
- यातायात के विभिन्न साधन
- थ्री-व्हीलर द्वारा होने वाली असुविधाएँ
- बस सेवा और नागरिकों को होने वाली असुविधाएँ
- यातायात समस्या के निदान हेतु समाधान

**14.** डेंगू और मलेरिया के बढ़ते प्रकोप को देखते हुए चिकित्सालयों में अपर्याप्त चिकित्सा सुविधाओं की ओर ध्यान आकर्षित करने हेतु राज्य के स्वास्थ्य मंत्री को लगभग 80-100 शब्दों में पत्र लिखिए। (5)

***अथवा***

दैनिक समाचार-पत्र के संपादक के नाम मिलावटी दूध की बिक्री के संबंध में लगभग 80-100 शब्दों में पत्र लिखिए।

**15.** विद्यालय की वित्तीय योजनाओं को अंतिम रूप देने के लिए विद्यालय की वित्त समिति की एक बैठक आयोजित होनी है। इस संबंध में प्रधानाध्यापक की ओर से 30-40 शब्दों में एक सूचना लिखिए। (5)

***अथवा***

आज मेट्रो विशेष रूट पर नहीं चलेगी, इस विषय पर यात्रियों को सूचित करते हुए 30-40 शब्दों में सूचना लिखिए।

**16.** एक कोचिंग संस्थान की ओर से 25-50 शब्दों में विज्ञापन लिखिए। (5)

***अथवा***

पहाड़ी क्षेत्र में बनाए अपने होटल के लिए 25-50 शब्दों में विज्ञापन लिखिए।

**17.** 'आज की बचत कल का सुख' पंक्ति को आधार बनाकर लगभग 100-120 शब्दों में एक लघु कथा लिखिए। (5)

***अथवा***

'अपने पाँव पर कुल्हाड़ी मारना' उक्ति के आधार पर लगभग 100-120 शब्दों में एक लघु कथा लिखिए।

# व्याख्या सहित उत्तर

1. *(क) (iv)* उपरोक्त सभी
*(ख) (iv)* ये सभी
*(ग) (ii)* जब सफलता मिलनी प्रारंभ होती है
*(घ) (iii)* वह अपने तन, मन और बुद्धि को श्रेष्ठ बनाए
*(ङ) (iii)* उनका उदासीन पक्ष उजागर होता है

***अथवा***

*(क) (i)* जीवन में प्रतिस्पर्द्धा बढ़ाना, जो प्रगति के लिए आवश्यक है
*(ख) (i)* दो
*(ग) (ii)* प्रतिस्पर्द्धा की भावना को
*(घ) (iii)* जिसका उद्देश्य सुधार करना है
*(ङ) (iv)* मानव जीवन में तुलना का महत्त्व

2. *(क) (i)* इलेक्ट्रॉनिक उपकरणों का विकास
*(ख) (ii)* मिट्टी में घुल जाने का
*(ग) (iv)* पुनर्चक्रण केंद्रों की संख्या बढ़ाना
*(घ) (iii)* अनौपचारिक पुनर्चक्रण केंद्रों में
*(ङ) (iii)* ग्रीन पीसी की

***अथवा***

*(क) (ii)* भारत
*(ख) (iii)* विद्यार्थी के चहुँमुखी विकास पर
*(ग) (ii)* राष्ट्रहित में कार्य करने के लिए
*(घ) (ii)* शिक्षितों को रोजगार मिल सके
*(ङ) (i)* प्राचीन और आधुनिक शिक्षा प्रणाली

3. *(क) (i)* विशेषण पद
*(ख) (iv)* आ जाएगी
*(ग) (iii)* क्रिया विशेषण पदबंध
*(घ) (i)* क्रिया पदबंध
*(ङ) (iv)* विशेषण पदबंध

4. *(क) (i)* जो चीजें इस संसार में दिखाई देती हैं, वे सभी नाशवान हैं
*(ख) (iii)* चार गुंडों ने मुझे बहुत पीटा, क्योंकि मैं अकेला था
*(ग) (ii)* शालिनी आते ही मुझसे बात करके सो गई
*(घ) (iii)* जैसे ही बरसात हुई वैसे ही सड़क पर पानी भर गया
*(ङ) (iii)* मिश्र वाक्य

5. *(क) (i)* कर्मधारय समास
*(ख) (iv)* तत्पुरुष समास
*(ग) (i)* जन्म से अंधा-तत्पुरुष समास
*(घ) (ii)* सात दिनों का समाहार
*(ङ) (i)* जनांदोलन

6. *(क) (ii)* आड़े हाथ लिया
*(ख) (iii)* लोहे के चने चबाना
*(ग) (i)* ऐरे-गैरे नत्थू खेरे
*(घ) (ii)* खर्च करनी पड़ेगी

7. *(क) (ii)* एक-दूसरे से छल-कपट करना
*(ख) (iii)* मार्गदर्शन के लिए
*(ग) (iii)* सहयोग की भावना से
*(घ) (iv)* जीवन की सार्थकता परोपकार में है

8. *(क) (ii)* गाँव वालों के सामने वामीरो को अन्य गाँव के युवक के साथ देखकर
*(ख) (iii)* तताँरा की माँ के लिए
*(ग) (iii)* वामीरो से प्रेम करने के कारण
*(घ) (iv)* ये सभी
*(ङ) (ii)* अपनी तलवार निकाली

9. *(क) (i)* मूर्ख
*(ख) (iii)* बड़े भाई के अनुसार
*(ग) (iv)* ये सभी
*(घ) (i)* क्योंकि वह पढ़ने की अपेक्षा खेलकूद में समय बर्बाद करता है
*(ङ) (i)* खेलकूद में अधिक रुचि होने के कारण